आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 27.11.2024 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से विकसित भारत प्रश्नोत्तरी में भाग लेने का किया आग्रह ।
- मुख्यमंत्री ने ब्रिटेन में इलेक्ट्रिक वाहन, नवकरणीय ऊर्जा, शिक्षा और खाद्य प्रसंस्करण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निवेश पर किया संवाद ।
- प्रदेश की शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में 16 दिसंबर से किया जायेगा अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन ।
- राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के कई शहरों में तेज सर्दी का दौर शुरू, भोपाल में 25 साल में यह नवंबर सबसे ठंडा ।

**प्रधानमंत्री - विकसित भारत प्रश्नोत्तरी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज युवाओं से विकसित भारत प्रश्नोत्तरी में भाग लेने का आग्रह किया, जिससे वे ऐतिहासिक विकसित भारत युवा नेता संवाद का हिस्सा बन सकें। विकसित भारत प्रश्नोत्तरी चार चरणों वाली प्रतियोगिता है, जिसमें युवाओं को भाग लेने और अपने विचार साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इसकी शुरुआत 25 नवंबर से हुई है और यह 5 दिसम्बर तक चलेगी। यह प्रतियोगिता 15 से 29 वर्ष की आयु के सभी व्यक्तियों के लिए खुली है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा है कि यह युवाओं का एक महत्वपूर्ण योगदान होगा, जिसके जरिए वे विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे।

**मुख्यमंत्री निवेश**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूके यात्रा में मध्यप्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए लंदन के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-ऑन-वन मीटिंग कर व्यक्तिगत तौर पर निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने सेक्टर केंद्रित राउंड-टेबल मीटिंग कर निवेश संबंधी विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने राउंड-टेबल चर्चाओं में इलेक्ट्रिक वाहन, नवकरणीय ऊर्जा, शिक्षा और खाद्य प्रसंस्करण जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर विशेषज्ञों और सरकारी अधिकारियों के साथ विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों पर केंद्रित राउंड-टेबल परिचर्चाओं में भाग लिया।

**नयी रेल लाइन**

खंडवा से भुसावल के बीच 131 किमी रेल मार्ग को तीसरी एवं चौथी रेल लाइन बिछाने को मंजूरी देने पर खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने प्रधानमंत्री का आभार माना है।. वहीँ,स्थानीय लोगों और व्यापारिक संगठनों ने भी इस कदम की सराहना की है। ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय

मास्टर प्लान का परिणाम हैं, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुआ है और लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

**अनारक्षित डिब्बे**

सरकार ने कहा है कि रेलगाडियों में अनारक्षित डिब्बों को समाप्त करने की कोई योजना नहीं है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज लोकसभा में बताया कि चालू वित्त वर्ष में एलएचबी कोच के साथ संचालित मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में छह सौ से अधिक अनारक्षित डिब्बे जोडे गये हैं। बढती मांग को देखते हुए भारतीय रेलवे की गैर-वातानुकूलित सामान्य श्रेणी और शयनयान सहित दस हजार डिब्बों के निर्माण की योजना है।

**सिंधिया अशोकनगर दौरा**

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 1 दिसम्बर को अशोकनगर जिले में स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनेगें। वे नेहरू पीजी कॉलेज में विवेकानंद गार्डन और विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण करेगें। श्री सिंधिया जिला मुख्यालय पर जननी संगिनी संरक्षण और प्रधान डाक कार्यालय शिलान्यास कार्यक्रम में भी शामिल होंगे ।

**अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन**

प्रदेश की शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में इस वर्ष 16 दिसम्बर से अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन किया जायेगा। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किये हैं। यह अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन कक्षा 3 से 8 की सभी शासकीय शालाओं, अशासकीय शालाओं के साथ मदरसों में भी होगा। अद्धवार्षिक मूल्यांकन 16 से 21 दिसम्बर की अवधि में किया जायेगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने GFMS पोर्टल पर पूर्व से कार्यरत अतिरिक्त अतिथि शिक्षकों को रिलीव करने के संबंध में भी प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

**एम्स भोपाल रिसर्च शोकेस**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स,भोपाल के तीसरे रिसर्च शोकेस इवेंट में शोध और नवाचार की प्रमुख उपलब्धियों का प्रदर्शन किया गया. इस सालाना कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थान द्वारा पिछले वर्ष में चिकित्सा क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण शोध और नवाचार की उपलब्धियों को उजागर करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक प्रो.

(डॉ.) अतुल गोयल शामिल हुए । प्रोफ़ेसर गोयल ने रिसर्च के लिए वातावरण बनाने की जरुरत पर बल दिया.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एम्स भोपाल निर्देशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने कहा कि हमें यह प्रण कर लेना चाहिए कि जो भी अचीवमेंट हमने किए हैं वो रुकना नहीं चाहिए। रिसर्च शोकेस इवेंट में शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले छात्रों और शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया।

**मतदाता सूची पुनरीक्षण**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने आज निर्वाचन सदन में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उन्हें फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

श्री सिंह ने बताया कि उप निर्वाचन होने के कारण विजयपुर और बुधनी की मतदाता सूची के प्रारूप का प्रारंभिक प्रकाशन आज किया गया है । प्रारंभिक प्रारूप पर दावे-आपत्तियां 12 दिसम्बर तक प्राप्त की जायेंगी। 30 नवम्बर और 8 दिसम्बर को दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कैम्प लगाकर नाम जुड़वाने, हटाने, संशोधन कराने के लिये विशेष अभियान चलाया जाएगा।

मौसम

राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के कई शहरों में तेज सर्दी का दौर शुरू हो गया है। प्रदेश में इस बार नवंबर महीने में सर्दी ने कई साल का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। भोपाल में 25 साल में यह नवंबर सबसे ठंडा है। इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत सभी शहरों में तापमान सामान्य से नीचे ही चल रहा है। मौसम विभाग ने बताया कि पहाड़ों पर बर्फबारी होने से प्रदेश के शहर ठिठुर रहे हैं। भोपाल और जबलपुर शहर तो ठंडे हैं ही पचमढ़ी में शिमला-मसूरी से भी ज्यादा सर्दी पड़ रही है। मौसम विभाग ने भोपाल और जबलपुर में अगले 3 से 4 दिन तक रात का तापमान 10 डिग्री रहने का अनुमान जताया है।

**इफ्फी**

**55वें** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव में आज प्रख्यात फिल्म निर्देशक तपन सिन्हा की फिल्म यात्रा पर विशेष कार्यक्रम द स्पेक्ट्रम एंड द सोल आयोजित किया गया। आकाशवाणी से बातचीत में अर्जुन चक्रवती ने बताया कि तपन सिन्हा ने 48 फिल्मों का निर्देशन किया लेकिन किसी भी फिल्म में विषय और शैली को नहीं

दोहराया। इससे पहले जानेमाने फिल्मकार आशुतोष गोवारिकर की अध्यक्षता वाले अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता निर्णायक मंडल ने इस वर्ष प्रतियोगिता वर्ग में आई फिल्मों के बारे में अपने विचार साझा किए।

**समाचार संक्षेप :-**

- देवास में आज उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने उज्जैन रोड औद्योगिक क्षेत्र अन्तर्गत 883 लाख रूपये के विकास कार्यो, सी.सी.रोड, आर.सी.सी.ड्रेन और रोड डामरीकरण निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया।
- नीमच में आज केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में 72 नव नियुक्त उपनिरीक्षक कैडेट्स का दीक्षान्त परेड समारोह उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। दीक्षांत परेड समारोह के मुख्य अतिथि संदीप दत्ता महानिरीक्षक प्राचार्य,सी.टी.सी. नीमच ने परेड की सलामी ली।
- सागर में जनवरी माह में आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती परीक्षा में 10 जिलों के 9000 से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। भर्ती प्रक्रिया शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो सके इसके लिए अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्याय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है.
- शिवपुरी जिले में आज पोहरी जनपद की दौरानी पंचायत में पीएम जनमन अभियान के तहत लोक कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान आदिवासी हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड प्रदाय किए गए।
- **सीहोर में आज मध्यप्रदेश राज्य विपणन सहकारी संघ के प्रबंध संचालक आलोक सिंह ने तकीपुर सोयाबीन उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने सोयाबीन की नमी एवं गुणवत्ता तथा सोयाबीन खरीदी की प्रक्रिया का अवलोकन किया।**
- धार में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा हम होंगे कामयाब पखवाड़े का शुभारम्भ महिला सुरक्षा संवाद रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया गया।
- कटनी में नगर निगम द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। नगर निगम द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, रैन बसेरा, जिला चिकित्सालय जैसे सार्वजनिक स्थानों में अलाव की व्यवस्था की गई है।
- सिंगरौली जिले में राजस्व महाअभियान 3.0 चलाया जा रहा है। राजस्व महाअभियान के दौरान किसानों के राजस्व प्रकरणों जिनमें नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा और प्रधामंत्री किसान सम्मान निधि योजना के प्रकरणो का निराकरण कर उन्हे लाभान्वित कराया जा रहा है।

....................